>

Title: Need to settle the insurance claims made by the farmers who suffered damage to their kharif crops in the year 2010 under Crop Insurance Scheme in Sheohar parliamentary constituency, Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर के अंतर्गत सीतामढ़ी जिले में कई किसानों की फसल बीमा योजना से मिलने वाली धनराशि अभी तक लंबित है जिसका तीन साल बीत जाने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ है। वर्ष 2010 खरीफ मौसम में फसल बीमा की क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान पीड़ित किसानों को सीतामढ़ी जिले में इलाहाबाद बैंक शाखा मटियार कला द्वारा अभी तक नहीं हुआ है जो किसानों के साथ अन्याय है। जबकि सरकार ने सभी बैंकों को निर्देश दे रखा है कि किसानों की फसल बीमा योजना के अंतगत देय राशि का भुगतान शीघ्र किया जाए इसके बावजूद किसानों को भुगतान नहीं करना एक तरह से सरकारी बैंकों का किसानों के प्रति एक शोषण है। और आज तक इस देय राशि का भुगतान नहीं करने पर अभी तक बैंक के किसी अधिकारी को उत्तरदायी नहीं ठहराया गया है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि वर्ष 2010 की खरीफ मौसम में फसल बीमा योजना अंतर्गत क्षतिपूर्ति राशि किसानों को इलाहाबाद बैंक शाखा मटियार कला जिला सीतामढ़ी द्वारा अभी तक क्यों नहीं दी गई इसकी जाँच करायी जाए एवं किसानों को देय राशि का भुगतान ब्याज समेत किया जाए।